**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूंछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 13(क) क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-बलिया में स्थापित एवं संचालित जननायक विश्वविद्यालय, बलिया में सभी स्तर के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और अब तक कितने पद रिक्त चल रहे है ? | जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया में शैक्षिक संवर्ग के 70 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष 38 पद रिक्त है। गैर शैक्षणिक संवर्ग के 65 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष 49 पद रिक्त है। |
| (ख) क्या उक्त रिक्त पदों पर शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्तियॉ करायेगें? | शैक्षिक संवर्ग के सृजित 70 पदों के सापेक्ष अब तक 32 पद भरे जा चुके है तथा रिक्त 38 पदों पर उपयुक्त अभ्यर्थी न पाये जाने के कारण पुर्नविज्ञापन की कार्यवाही की जा रही है।<br>गैर शैक्षणिक संवर्ग के समूह-ग (कनिष्ठ लिपिक के 24, आशुलिपिक के 03 तथा स्टोर कीपर का 01) के 28 पदों पर चयन हेतु अधियाचन उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित किया गया है।<br>कनिष्ठ लिपिक के 06 रिक्त पदों पर अधियाचन प्रेषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।<br>उप कुलसचिव का 01 पद व सहायक कुलसचिव का 01 पद पर शासन स्तर से नियुक्ति करनी है। वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 का 01, लेखाकार का 01 तथा अधीक्षक के 03 पद पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने है।<br>आउट सोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले 08 पदों (कम्प्यूटर प्रोग्रामर का 01, कम्प्यूटर ऑपरेटर गेड-ए के 05 तथा चपरासी 02) को भरे जाने की कार्यवाही की जा रही है। |

(योगेन्द्र उपाध्याय)
मंत्री।

prashn Q-26